भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 248
उत्तर देने की तारीख 21 मार्च, 2022
सोमवार, 30 फाल्गुन, 1943 (शक)

बिहार में कौशल विकास

***248 श्री अशोक कुमार यादव:**

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए बिहार से नामांकित युवाओं की कुल संख्या महिला-पुरूष-वार कितनी है;

(ख) प्रशिक्षण के उपरांत बिहार में रोजगार अथवा नौकरियां प्राप्त कर चुके ऐसे युवाओं की महिला-पुरूष-वार और जिला-वार संख्या कितनी है;

(ग) उक्त कार्यक्रम हेतु गत तीन वर्षों के दौरान कुल कितनी धनराशि आबंटित एवं व्यय की गई है;

(घ) क्या सरकार का विचार बिहार के एक पिछड़े जिले मधुबनी में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ङ) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

श्री अशोक कुमार यादव द्वारा बिहार में कौशल विकास के बारे में दिनांक 21.03.2022 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 248* के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) कुशल भारत मिशन के तहत, मंत्रालय बिहार राज्य सहित देश के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी स्कीम प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमकेवीवाई के तहत, पिछले तीन वर्षों (यानी 2018-21) में, बिहार राज्य में 3,90,246 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण/अभिविन्यास के लिए नामांकित किया गया है, जिनमें से 2,51,696 पुरुष और 1,38,543 महिलाएं हैं।

(ख) पीएमकेवीवाई के दो प्रशिक्षण घटक हैं, नामत: अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल)। पीएमकेवीवाई के तहत, एसटीटी प्रमाणित उम्मीदवारों को नियोजन के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जबकि आरपीएल में नियोजन किए जाने का प्रावधान नहीं है क्योंकि यह उम्मीदवार के मौजूदा कौशल को मान्यता प्रदान करता है। पीएमकेवीवाई-एसटीटी के तहत, पिछले तीन वर्षों (यानी 2018-21) में, 81,285 उम्मीदवारों (पुरुष: 50,659; महिला: 30,626) को बिहार राज्य में नियोजित किया गया है। बिहार राज्य में पीएमकेवीवाई के तहत पिछले तीन वर्षों (यानी 2018-21) के दौरान जिले-वार और जेंडर-वार उम्मीदवारों की संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ग) पीएमकेवीवाई के केंद्रीय घटक के तहत, राज्य-वार कोई आवंटन नहीं है; तथापि स्कीम के कार्यान्वयन के लिए पिछले तीन वर्षों (अर्थात 2018-21) में बिहार राज्य में प्रशिक्षण केंद्रों को 226.83 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे।

पीएमकेवीवाई के राज्य घटक के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए निधियों के आवंटन और तदनुसार वास्तविक लक्ष्यों का प्रावधान है। पीएमकेवीवाई के इस घटक के तहत, बिहार राज्य को 128.65 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जिसमें से अब तक 36.82 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। जारी की गई कुल धनराशि (36.82 करोड़ रुपये) में से बिहार राज्य ने अब तक 2.38 करोड़ रुपए व्यय किए हैं।

(घ) कुशल भारत मिशन के तहत, मंत्रालय बिहार राज्य सहित देश भर में युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) जैसे विभिन्न कार्यक्रमों/स्कीमों का कार्यान्वयन कर रहा है। एमएसडीई के कार्यक्रमों के तहत मधुबनी जिले सहित बिहार राज्य में प्रशिक्षण प्रदान करने वाले कौशल विकास केंद्रों की संख्या नीचे दी गई है:

कार्यक्रम/स्कीम	**बिहार**	**मधुबनी जिला**
प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के तहत प्रशिक्षण केंद्र (टीसी) (प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) सहित)	1,216	44
जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस)	21	1
शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई)	1,331	26
योग	**2,568**	**71**

(ङ) उपर्युक्त भाग (घ) में दिया गया उत्तर देखा जा सकता है।

बिहार राज्य में पीएमकेवीवाई के तहत पिछले तीन वर्षों (अर्थात 2018-21) के दौरान जिले-वार और जेंडर-वार उम्मीदवारों की संख्या:

क्र.सं.	जिला	महिला	पुरूष
1.	अररिया	283	378
2.	अरवल	299	478
3.	औरंगाबाद	1,264	960
4.	बांका	734	1,156
5.	बेगूसराय	707	1,368
6.	भागलपुर	546	555
7.	भोजपुर	1,424	1,636
8.	बक्सर	420	1,159
9.	दरभंगा	408	1,774
10.	गया	1,029	1,188
11.	गोपालगंज	2,096	1,430
12.	जमुई	433	1,302
13.	जहानाबाद	464	1,297
14.	कैमूर (भभुआ)	741	1,823
15.	कटिहार	818	1,301
16.	खगरिया	924	1,063
17.	किशनगंज	634	772
18.	लखीसराय	398	770
19.	मधेपुरा	567	678
20.	मधुबनी	769	2,226
21.	मुंगेर	13	17
22.	मुजफ्फरपुर	1,752	3,030
23.	नालंदा	1,562	1,750
24.	नवादा	479	819
25.	पश्चिम चंपारण	573	1,049
26.	पटना	2,752	2,927
27.	पूर्वी चंपारणी	1,033	2,095
28.	पूर्णिया	869	961
29.	रोहतास	1,200	2,600
30.	सहरसा	740	848
31.	समस्तीपुर	537	1,458
32.	सरन	972	2,526
33.	शेखपुरा	301	714
34.	शियोहर	465	708
35.	सीतामढ़ी	243	180
36.	सिवान	961	3,315
37.	सुपौल	350	817
38.	वैशाली	866	1,531
सकल योग		**30,626**	**50,659**

******